# HOLIDAY HOMEWORK WORKSHEET

# कक्षा- 8, विषय- हिन्दी

नाम......
स्कूल.....

प्रश्न 1- निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए - अच्छा, लम्बा, बड़ा, सरल, मीठा, दयालु, स्वच्छ, नया, कठोर, अमृत

प्रश्न 2- निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखो -
पृथ्वी, संसार, हाथी, आकाश, सूर्य, परिवार, घर, मानव, बादल, फूल

प्रश्न 3- निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए-
जिस पर विश्वास ने किया जा सके।
जिसका स्वर्गवास हो गया हो।
जो अपने मन को एकाग्र रखता हो।
वह स्थान जहाँ शव जलाए जाते हों।
जानने की इच्छा रखने वाला।

प्रश्न 4- अपनी पाठ्य पुस्तक से याद की हुई किसी कविता की 8 पंक्तियां लिखिए।

प्रश्न 5- निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्दों पर गोला लगाएं-
राजू फुटबॉल खेल रहा है।
घोड़ा पानी पी रहा है।
मोहन प्रतिदिन कार्यालय जाता है।
मेरे पिताजी लुहार का काम करते हैं।
हम सब कल बस से मेरठ जाएंगे।

प्रश्न 6- निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए-
आँखों का तारा होना।
अक्ल का कच्चा होना।
पापड़ बेलना।
आपने मुँह मिया मिट्ठू बनना।
नाक में दम करना।

प्रश्न 7- निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण शब्द छांटिए-
कछुआ धीरे-धीरे चलता है।
वह लाल कपड़े पहने हुए था।
वह बेईमान आदमी था।
मोहन कमजोर हो गया है।
हम यहाँ से जल्दी चले जाएंगे।

प्रश्न 8- सर्वनाम की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न 9- अपना साथ स्वयं बनाइए पाठ का सारांश लिखिए।

प्रश्न 10- ईमानदारी से कार्य करने का क्या तात्पर्य है? आपको कैसे पता चलता है कि आपके द्वारा कार्य ईमानदारी से किये गए? ईमानदारीपूर्वक कार्य करने के क्या-क्या लाभ हैं?

प्रश्न 11- राजा के कितने मंत्री नशे में पाए गए? नशे के क्या-क्या दुष्परिणाम होते है? अपने विचार लिखिए।

प्रश्न 12- राजा ने युवक को प्रधानमंत्री क्यों बनाया?

प्रश्न 13- "आपकी सफलता का सबसे बड़ा रहस्य क्या है?' इस प्रश्न का अब्राहम लिंकन ने क्या जवाब दिया?

प्रश्न 14- पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए
(क) काट अन्ध-उर के बन्धन-स्तर, बहा जननी, ज्योतिर्मय निर्झर।
(ख) कलुष-भेद तम हर, प्रकाश भर, जगमग जग कर दे।

प्रश्न 15- 'नव गति' में 'नव' गुणवाचक विशेषण है, यह गति, शब्द की विशेषता बताता है। कविता में 'नव' अन्य किन शब्दों के विशेषण के रूप में आया है, लिखिए।

प्रश्न 16- श्यामू ने भोला के सामने कौन-सा रहस्य खोला?

प्रश्न 17- श्यामू ने जवाहिर भैया से कागज पर 'काकी' क्यों लिखवाया?

प्रश्न 18- वीर पुरुष की तुलना बरसने वाले बादलों से और कायर पुरुष की तुलना गरजने वाले बादल से क्यों की गई है?

प्रश्न 19- 'सच्चा वीर' बनने के लिए आप अपने भीतर किन गुणों को विकसित करेंगे?

प्रश्न 20- "बहुत दिनों से सोच रहा था, थोड़ी-सी धरती पाऊँ" से कवि का क्या आशय है?

# कक्षा- 8, विषय- हिन्दी

प्रश्न 21- निम्नलिखित पुल्लिंग शब्दों के स्त्रीलिंग शब्द बनाइए-

काका, चूहा, बन्दर, नौकर, सेठ, जेठ, श्रीमान, सेवक, गायक, कवि।

प्रश्न 22- निम्नलिखित एकवचन शब्दों के बहुवचन बनाइए-

चिड़िया, खुशी, नदी, पुस्तक, मिठाई, तितली, सड़क, पक्षी, गाय, लड़का

प्रश्न 23- निम्नलिखित वाक्यों को प्रश्नवाचक वाक्यों में बदलिए-

माताजी खाना बना रही हैं।
आज हमारे घर मेहमान आए हैं।
मेरे पिताजी ने आपको दो सौ रुपए दिए हैं।
क्रिकेट के मैच में आज भारत की जीत हुई।
तुम्हारा भाई दिल्ली में पढ़ रहा है।

प्रश्न 24- 'मेरा विद्यालय' विषय पर एक निबन्ध लिखिए।

प्रश्न 25- निम्नलिखित तद्भव शब्दों के तत्सम रूप लिखिए-

पोथी, डण्डा, कुम्हार, ओंठ, चाँद, सूरज, कान, हाथी, किसान, आँसू

प्रश्न 26- विशेषण की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न 27- निम्नलिखित शब्दों में प्र उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाइए-

दान, हार, कोप, ख्यात, भाव, ताप, चार, सार, कार, देश

प्रश्न 28- संज्ञा की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्रश्न 29- निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए-

सत्य, गहरा, चतुर, मानव, ईमानदार, ऊँचा, बूढ़ा, मित्र, वीर, कठोर

प्रश्न 30- निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

गद्यांश -1

वर्तमानकाल विज्ञापन का युग माना जाता है। समाचार-पत्रों के अतिरिक्त रेडियो और टेलीविजन भी विज्ञापन के सफ़ल साधन हैं। विज्ञापन का मूल उद्देश्य उत्पादक और उपभोक्ता में सीधाा संपर्क करना होता है। जितना अधिक विज्ञापन किसी पदार्थ का होगा, उतनी ही उसकी लोकप्रियता बढ़ेगी। इन विज्ञापनों पर धन तो अधिाक व्यय होता है, पर इनसे बिक्री बढ़ जाती है। ग्राहक जब इन आकर्षक विज्ञापनों को देखता है, तो वह उस वस्तु विशेष के प्रति आकृष्ट होकर उसे खरीदने को बाध्य हो जाता है।

प्रश्न

(क) वर्तमान युग में विज्ञापन के कौन-कौन से तीन साधन हैं?
(ख) विज्ञापनों का मूल उद्देश्य क्या होता है?
(ग) उत्पादक विज्ञापनों पर धन-व्यय क्यों करता है?
(घ) ग्राहक पर विज्ञापनों का क्या प्रभाव पड़ता है?
(ङ) उपयुक्त शीर्षक दो।

गद्यांश -2

शिक्षा मनुष्य को मस्तिष्क और शरीर का उचित प्रयोग सिखाती है। वह शिक्षा जो मनुष्य को पाठ्यपुस्तकों के ज्ञान के अतिरिक्त गंभीर ञचतन न दे सके, व्यर्थ है। यदि हमारी शिक्षा सुसंस्कृत, सभ्य, सच्चरि= एवं अच्छे नागरिक नहीं बना सकती, तो उससे क्या लाभ? सहृदय, सच्चा ञकतु अनपढ़ मजदूर उस स्नातक से अच्छा है जो निर्दय और चरि=हीन है। संसार के समस्त वैभव और सुख-साधन भी तब तक सुखी नहीं बनाते, जब तक मनुष्यों को आत्मिक ज्ञान न हो।

प्रश्न

(क) शिक्षा का क्या उद्देश्य है?
(ख) किस प्रकार की शिक्षा व्यर्थ है?
(ग) मनुष्य जीवन में आत्मिक ज्ञान का क्या महत्त्व है?
(घ) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दो।